हिन्दुस्तान मोटर्स ने लांच किया वीर

कोलकाता : महानगर में सोमवार को हिन्दुस्तान मोटर्स ने अपनी नयी कार वीर एवं वीर एल एक्स को लांच किया। ये कॉमर्शियल कार काफी आरामदायक हैं। इस मौके पर आयोजित संवाददाता सम्मेलन में कंपनी के मैनेजिंग डायरेक्टर मनोज झा ने कहा कि वीर को लांच करके काफी अच्छा लग रहा है। इनके अलावा कंपनी द्वारा अगले तीन महीनों में 4 नये कार लांच किये जा सकते हैं। हिंदुस्तान मोटर्स कंपनी की सबसे विख्यात गाड़ी एम्बेसेडर के स्तर पर वीर को ट्राई एवं टेस्ट किया गया है। इन कारों में डीजल एवं सीएनजी दोनों ही विशेषताएं हैं। इन कारों को पश्चिम बंगाल के उत्तरपाड़ा के हिंद मोटर एवं चेन्नई फेकल्टी ने मिलकर बनाया है।